# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
ग्राम-भन्सरिया, पो०-उदयपुर, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०) 262701

पत्रांक 2631 / M-48 / 112 दिनांक 5/8/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः—दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 04.08.2026 को प्रकाशित खबर "5 साल बाद भी नहीं मिला नल से जल:खोदी गई सडकें दुरुस्त नहीं, करोडों की योजना पर सवाल" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 04.08.2026 को प्रकाशित खबर विकास खण्ड–बेहजम ग्राम पंचायत परसेरा कलां "5 साल बाद भी नहीं मिला नल से जल:खोदी गई सड़कें दुरुस्त नहीं, करोड़ों की योजना पर सवाल" के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। शेष 1553 राजस्व ग्रामों को पेयजल आपूर्ति जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स एन0सी0सी0 एवं वी0टी0एल0–गाजा (जे0वी0) को सूचीबद्ध किया गया है। 904 नग पाइप पेयजल योजनाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1553 नग राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जाना लक्षित है। नलकूप–942 नग, पम्प हाउस –942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी0, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–939 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 14468 किमी0, शिरोपरि जलाशय–484 नग, गृह जल संयोजन–535515 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1125 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड–बेहजम की ग्राम पंचायत परसेहरा कला से सम्बन्धित हैं। परसेहरा कला पेयजल योजना का कार्य कार्यदायी एजेंसी मैसर्स एन0सी0सी लि0 द्वारा कराया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री आशीष कुमार द्वारा उक्त खबर का संज्ञान लेते हुए ग्राम पंचायत का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने हेतु सड़कों को काटा गया था जिन्हें पूर्व में ही मोटरेबल कर दिया गया था परन्तु वर्तमान में जलभराव व बारिश के कारण कुछ स्थानों पर सड़के पुनः क्षतिग्रस्त हो गयी है जिसे अति शीघ्र मरम्मत हेतु फर्म को निर्देशित कर दिया गया है। सतत् अनुश्रवण करते हुए शीघ्र ही सड़क को पुनः मोटरेबल करा दिया जाएगा। योजनान्तर्गत दो मजरों में कार्य

प्रस्तावित है जिसमें एक मजरें में नियमित जलापूर्ति चालू है व दूसरे मजरें में आंशिक रूप से जलापूर्ति चालू है शेष ग्राम में पाइप लाइन का कार्य अवशेष होने के कारण जलापूर्ति बाधित है उक्त पाइपलाइन टेस्टिंग व अवशेष कनेक्शन पूर्ण कराने के पश्चात् ग्राम में नियमित रूप से जलापूर्ति संचालित की जारी योजना को मार्च–2027 तक पूर्ण कराना लक्षित है।

सादर सूचनार्थ।

(फोटोग्राफ्स)







भवदीय

(मनोज कुमार मौर्य)
अधिशासी अभियन्ता

<u>पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मै० एन०सी०सी०लि० को उक्त अवशेष कार्य शीघ्र ही पूर्ण करवाकर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

g:\rahul\igrs\anand\paper_cutting\bhejam_atrauli_05.08.2026.docx